# नए रामसर स्थल: नंजरायन व काज़ुवेली पक्षी अभयारण्य और तवा जलाशय

स्रोत: पी.आई.बी.

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्र ने तमिलनाडु में **नंजरायन पक्षी अभयारण्य** और **काज़ुवेली पक्षी अभयारण्य** तथा **मध्य प्रदेश में तवा जलाशय** को तीन नए आर्द्रभूमि के रूप में **रामसर स्थल** घोषित किया।

- इन समावेशों के साथ, भारत में **रामसर स्थलों की संख्या** बढ़कर **85** तक हो गई है।
- अब, **तमिलनाडु में सबसे अधिक** रामसर स्थल **(18 स्थल)** हैं, उसके बाद **उत्तर प्रदेश में (10 स्थल)** हैं।

## तीन नए रामसर स्थलों के संदर्भ में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **नंजरायन पक्षी अभयारण्य:**
  - नंजरायन झील एक बड़ी उथली वैटलैंड है जो **तमिलनाडु में** तिरुपुर ज़िले के उथुकुली तालुक के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित है। सदियों पहले, इसका स्थानीय **राजा नंजरायन** ने पुनर्भरण किया था।
  - 125.865 हेक्टेयर में विस्तृत यह झील (वैटलैंड्स) मुख्य रूप से मौसम की स्थिति पर निर्भर करती हैं, विशेषकर नल्लार जल निकासी से भारी वर्षा जल प्रवाह पर।
  - इसमें बार-हेडेड गूज़, नॉर्दर्न शॉवलर, स्पॉट-बिल्ड पेलिकन, हेरॉन जैसी पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
  - तमिलनाडु के **17वें पक्षी अभयारण्य** के रूप में नामित, यह स्थानीय समुदाय एवं वन विभाग द्वारा सक्रिय रूप से संरक्षित और प्रबंधित है।
- **काज़ुवेली पक्षी अभयारण्य:**
  - यह **पुदुचेरी** के उत्तर में विल्लुपुरम ज़िले में **कोरोमंडल तट** पर स्थित एक खारी उथली झील है।
  - यह झील **खारे उप्पुकल्ली क्रीक** और **इदायनथिट्टू नदमुख** द्वारा बंगाल की खाड़ी से जुड़ी हुई है। जो ज्वार- नदमुख, क्रीक-पोषित खारे और ताज़े जल के बेसिन जैसी विविध जल विशेषताओं वाली एक महत्त्वपूर्ण आर्द्रभूमि है।
  - खारे जल के क्षेत्रों में, **एविसेनिया प्रजाति** वाले अत्यधिक अवक्रमित मैंग्रोव पैच पाए जाते हैं।
  - साथ ही, इस क्षेत्र में कई सौ हेक्टेयर में ईख (टाइफांगुस्टाटा) पाया जाता है।
- **तवा जलाशय:**
  - यह **इटारसी शहर के पास तवा और देनवा नदियों** के संगम पर स्थित है, जिसे मूल रूप से सिंचाई के लिये बनाया गया था तथा अब यह विद्युत उत्पादन एवं जलीय कृषि का भी समर्थन करता है।
  - जलाशय **सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व** के अंदर स्थित है तथा **सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान और बोरी वन्यजीव अभयारण्य** की पश्चिमी सीमा बनाता है।
  - **मालानी, सोनभद्र और नागद्वारी नदी तवा जलाशय** की प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।
  - **तवा नदी,** बाएँ किनारे की एक सहायक नदी है जो **छिंदवाड़ा ज़िले में महादेव पहाड़ियों** से निकलती है**, बैतूल ज़िले** से होकर बहती है एवं **नर्मदापुरम ज़िले** में नर्मदा नदी में मिल जाती है।
    - **यह नर्मदा नदी की सबसे लंबी सहायक नदी है।**
  - इस जलाशय में स्पॉटेड डियर और पेंटेड स्टॉर्क पाए जाते हैं।

//




## रामसर कन्वेंशन क्या है?

- रामसर कन्वेंशन एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिस पर वर्ष 1971 में ईरान के रामसर में **यूनेस्को** के तत्वावधान में हस्ताक्षर किये गए थे, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमियों का संरक्षण करना है।
    - भारत में **यह अधिनियम 1 फरवरी 1982 को लागू हुआ** जिसके तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमियों को रामसर स्थल घोषित किया गया।
- **मॉन्ट्रेक्स रिकॉर्ड** अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के उन **आर्द्रभूमि स्थलों** का रजिस्टर है, जहाँ तकनीकी विकास, प्रदूषण या अन्य मानवीय हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप **पारिस्थितिक घटक में परिवर्तन हुए हैं या होने की संभावना है।**
    - इसे **रामसर सूची** के भाग के रूप में रखा गया है।

# रामसर अभिसमय (RAMSAR CONVENTION)

Drishti IAS

## परिचय:

- इसे आर्द्रभूमियों पर अभिसमय के रूप में भी जाना जाता है।
- यह एक अंतर-सरकारी संधि है जिसे वर्ष **1971** में रामसर, ईरान में अपनाया गया।
- वर्ष **1975** में इसे लागू किया गया।
- ऐसी आर्द्रभूमियों को रामसर स्थल घोषित किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्त्व रखती हों।
- **विश्व का सबसे बड़ा रामसर स्थल:** पैंटानल, दक्षिण अमेरिका।

## मोंट्रेक्स रिकॉर्ड:

- वर्ष **1990** में मोंट्रेक्स (स्विटजरलैंड) में इसे अपनाया गया।
- यह उन रामसर स्थलों की पहचान करता है जिनके संरक्षण हेतु राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकता के साथ ध्यान देने की आवश्यकता है।

## आर्द्रभूमियाँ:

- आर्द्रभूमि एक ऐसा स्थान है जहाँ भूमि मौसमी अथवा स्थायी रूप से जल (खारा या मीठा/ताजा अथवा इन दोनों के बीच की स्थिति) से ढकी होती है।
- यह नदियों, दलदल, मैंग्रोव, कीचड़ युक्त भूमि, तालाबों, जलमग्न स्थान, बिलबोंग (नदी की वह शाखा जो आगे चलकर समाप्त हो गई हो), लैगून, झीलों और बाढ़ के मैदानों सहित विभिन्न रूपों में हो सकती है।
- **विश्व आर्द्रभूमि दिवस:** 2 फरवरी

## भारत और रामसर अभिसमय:

- भारत में रामसर अभिसमय वर्ष **1982** में लागू हुआ।
- **रामसर स्थलों की कुल संख्या:** 75
- चिल्का झील (ओडिशा), केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान), हरिके झील (पंजाब), लोकटक झील (मणिपुर), वुलर झील (जम्मू और कश्मीर) आदि।
- **भारत में संबंधित फ्रेमवर्क**
  - आर्द्रभूमियों के संरक्षण तथा प्रबंधन हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, **1986** के प्रावधानों के तहत 'आद्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) अधिनियम, **2017**' को अधिसूचित किया है।
  - ये नियम आर्द्रभूमियों के प्रबंधन को विकेंद्रीकृत करते हैं तथा राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण या केंद्रशासित प्रदेश आर्द्रभूमि प्राधिकरण के गठन का प्रावधान करते हैं।

## प्रमुख तथ्य

- **भारत में सबसे बड़ा रामसर स्थल:** सुंदरबन, पश्चिम बंगाल
- **भारत में सबसे छोटा रामसर स्थल:** वेम्बन्नूर आर्द्रभूमि कॉम्प्लेक्स, तमिलनाडु
- **सर्वाधिक रामसर स्थल वाला राज्य:** तमिलनाडु (14)
- **मोंट्रेक्स रिकॉर्ड में शामिल आर्द्रभूमियाँ:**
  - केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान
  - लोकटक झील, मणिपुर






**और पढ़ें:** [अमृत धरोहर क्षमता निर्माण योजना]

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)**

1. रामसर सम्मेलन के अनुसार, भारत के राज्यक्षेत्र में सभी आर्द्र भूमियों को बचाना और संरक्षित रखना भारत सरकार के लिये अधिदेशात्मक है।
2. आर्द्र भूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2010, भारत सरकार ने रामसर सम्मेलन की संस्तुतियों के आधार पर बनाए थे।
3. आर्द्र भूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2010, आर्द्र भूमियों के अपवाह क्षेत्र या जलग्रहण क्षेत्रों को भी सम्मिलित करते हैं, जैसा कि प्राधिकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर:** (c)

---

**प्रश्न. 'वेटलैंड्स इंटरनेशनल' नामक संरक्षण संगठन के संदर्भ में नम्निलखिति कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2014)**

1. यह उन देशों द्वारा गठति एक अंतर-सरकारी संगठन है जो रामसर कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्त्ता हैं।
2. यह ज्ञान के वकिास और संग्रहण के लयि तथा व्यावहारकि अनुभव का बेहतर नीतियों हेतु परसमर्थन करने के लयि क्षेत्र स्तर पर कार्य करता है।

**नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

---

## ??????:

**प्रश्न. आर्द्रभूमि क्या है? आर्द्रभूमि संरक्षण के संदर्भ में 'बुद्धमित्तापूर्ण उपयोग' की रामसर संकल्पना को स्पष्ट कीजयि। भारत से रामसर स्थलों के दो उदाहरणों का उद्धरण दीजयि। (2018)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nanjarayan-and-kazhuveli-bird-sanctuary-tawa-reservoir-as-new-ramsar-sites